प्रसार भारतीः भारत का लोक सेवा प्रसारक
आकाशवाणीः क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवारः 06.02.2026, समयः 0720

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– सरकार रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के विज़न के साथ आगे बढ़ रही है और देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है।
- प्रधानमंत्री आज सुबह 10 बजे 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण में देशभर के विद्यार्थियों से संवाद करेंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत जनवरी माह की पेंशन किस्त वन–क्लिक के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की।
- उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व में जंगल सफारी के दौरान मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध लागू।
- और, भारतीय रेल ने होली के अवसर पर विशेष रेलगाड़ियों के रिकॉर्ड संख्या में परिचालन की घोषणा की।

पीएम ऑर राज्यसभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह तैयार है और आत्मविश्वास तथा निर्णायक नीतिगत सुधारों के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो गया है।

'परीक्षा पे चर्चा'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 10 बजे 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण में देश भर के विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा के तनाव पर चर्चा करना और परीक्षाओं को एक उत्सव तथा जीवन के एक ज़रूरी हिस्से के तौर पर मनाना है। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि माईगॉव पोर्टल के ज़रिए इस कार्यक्रम के लिए चार करोड़ पचास लाख से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है।

यह कार्यक्रम दूरदर्शन, प्रधानमंत्री के यूट्यूब चैनल और शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। इसे वेव्स ओटीटी, अमेजॉन प्राइम वीडियो, जियो, जी5, सोनी लिव और स्पॉटीफाइ सहित कई ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी सजीव प्रसारण किया जाएगा।

पेंशन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में समाज कल्याण विभाग की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत जनवरी माह की पेंशन किस्त का वन–क्लिक के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की। इसके तहत राज्य के 9 लाख 47 हजार 345 पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वन–क्लिक भुगतान प्रणाली से न केवल भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है, बल्कि लाभार्थियों को बिना किसी कार्यालयी प्रक्रिया के सीधे उनके खातों में सहायता राशि प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से शासन और आम नागरिक के बीच विश्वास भी सुदृढ़ हुआ है।

पौड़ी वनाग्नि रोकथाम

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने जिला कार्यालय में वनाग्नि रोकथाम को लेकर आयोजित बैठक में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ ज़मीनी स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय से पहले की गई तैयारी से वनाग्नि से होने वाली क्षति को न्यूनतम किया जा सकता है और इसमें जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिलाधिकारी ने आग लगाते हुए पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर पौड़ी के प्रभागीय वनाधिकारी महातिम यादव ने बताया कि पर्याप्त संख्या में क्रू स्टेशनों की स्थापना की जा चुकी है तथा फायर वाचरों की तैनाती की प्रक्रिया प्रगति पर है।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और सम्पूर्ण कॉर्बेट लैंडस्केप में जंगल सफारी के दौरान मोबाइल फोन ले जाने पर कल से पूरी तरह प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। यह निर्णय उच्चतम न्यायालय के सख्त दिशा–निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है।

नए नियम के तहत अब किसी भी पर्यटन जोन में जंगल सफारी के दौरान पर्यटक मोबाइल फोन से वन्यजीवों के फोटो या वीडियो नहीं बना सकेंगे।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक साकेत बडोला ने बताया कि पर्यटक बाघ और अन्य वन्यजीवों की नज़दीक से तस्वीरें लेने के प्रयास में कई बार निर्धारित सुरक्षित दूरी का उल्लंघन कर देते थे।

भारतीय रेल

भारतीय रेल ने इस वर्ष होली पर विशेष रेलगाड़ियों की रिकॉर्ड संख्या में परिचालन की घोषणा की है। इसका उद्देश्य त्योहारों के मौसम में यात्रियों की सुगम और चिंता मुक्त यात्रा सुनिश्चित करना है।

मंत्रालय ने कहा है कि यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए देशभर में एक हजार चार सौ दस से अधिक होली स्पेशल रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। यह संख्या बढ़कर एक हजार पांच सौ तक पहुंचने की उम्मीद है। ये विशेष रेलगाड़ियां मुख्य रूप से मार्च महीने के दौरान प्रमुख गंतव्यों के बीच बेहतर संपर्क स्थापित करने के लिए चलाई जाएंगी।

ईपीएफआ

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के हल्द्वानी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा कुमाऊँ मंडल के नियोक्ताओं और कामगारों के लिए पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों सहित सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू हुई इस योजना से अब तक कुमाऊँ मंडल के कुल दो हजार चार सौ पंद्रह प्रतिष्ठान लाभान्वित हो चुके हैं।

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त आकाश वर्मा ने आकाशवाणी को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों के खाते में डीबीटी होना अनिवार्य है।

उत्तरायणी कौथिक

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देहरादून में उत्तरायणी कौथिक महोत्सव–2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तरायणी केवल एक लोकपर्व ही नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक आत्मा, सामूहिक चेतना और प्रकृति के साथ संतुलित जीवन–दृष्टि का प्रतीक है।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तरायणी कौथिक महोत्सव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को व्यवहारिक रूप से साकार करता है। यह महोत्सव लोककला, लोकसंगीत, लोकनृत्य, हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों को नई पहचान देता है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाता है।

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार

रुद्रप्रयाग जिले के कमेड़ा गांव में "प्रशासन गांव की ओर" के तहत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला प्रभारी सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की उपस्थिति में ग्रामीणों ने 35 समस्याएं रखीं, जिनमें से 20 समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।

और, अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में होने वाले विधानसभा बजट सत्र को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। नवोदय टाइम्स लिखता है– विधानसभा बजट सत्र की तैयारियों में जुटा चमोली जिला प्रशासन

प्रदेश में केन्द्रीय मोटर व्हीकल एक्ट पर अमर उजाला समाचार पत्र का शीर्षक है– पांच बार से ज्यादा चालान तो लाइसेंस रद्द, केन्द्रीय मोटर व्हीकल एक्ट लागू

13 फरवरी से चमोली जिले के औली में होने वाले विंटर गेम्स और विंटर कार्निवाल की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण लिखता है– औली में होने वाले नेशनल विंटर गेम्स का शेड्यूल जारी